संख्या–   /02–XXVI/2004

प्रेषक,

एज0 फैनई,
अपर सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

निदेशक,
अर्थ एवं संख्या निदेशालय,
उत्तरांचल, देहरादून।

नियोजन अनुभाग।   देहरादूनः दिनांकः 15 ~~जनवरी~~ फरवरी 2005

विषयः– बीस सूत्री कार्यक्रम हेतु वित्तीय वर्ष 2004–05 में अतिरिक्त धनराशि की स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक–1414/3–लै0(पुन0वि)/2004–05 दिनांक 27 जनवरी 2005 के संदर्भ में एवं शासनादेश संख्या–592/03–XXVI/2004 दिनांक 24 दिसम्बर, 2004 के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्यपाल महोदय संलग्न बी0एम0–15 पर अंकित विवरणानुसार बीस सूत्री कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु निम्न मदों में कुल रूपये 2.50 लाख (रूपये दो लाख पचास हजार मात्र) की धनराशि आपके निवर्तन पर रखते हुए निम्न प्रतिबंधों के अधीन व्यय करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :–

क्र0सं0	मद का नाम	धनराशि (रूपयों में)
1	15–गाड़ियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल आदि की खरीद	50,000/–
2	16–व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं हेतु भुगतान	2,00,000/–
	योगः–(रूपये दो लाख पचास हजार मात्र)	2,50,000/–

1– उक्त धनराशि केवल उन्हीं मदों पर व्यय की जायेगी जिनके लिए यह स्वीकृत की जा रही है। चालू योजना पर ही व्यय किया जाय और किसी भी दशा में उक्त धनराशि का उपयोग नई मदों के क्रियान्वयन के लिए नहीं किया जायेगा।

2– स्वीकृत कार्यो पर व्यय करते समय वित्तीय हस्तपुस्तिका, बजट मैनुअल, स्टोर पर्चेज रूल्स एवं मितव्ययता के संबंध शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों का पालन कड़ाई से किया जायेगा।

3– यह सुनिश्चित किया जाय कि स्वीकृत धनराशि किसी ऐसी मद पर व्यय नहीं किया जाय जिसके लिए वित्तीय हस्तपुस्तिका तथा बजट मैनुअल के नियमों के अन्तर्गत सक्षम अधिकारी की पूर्व स्वीकृति की आवश्यकता हो, उस प्रकरण में व्यय के पूर्व यह प्राप्त कर ली जाय।

4– स्वीकृत की जा रही धनराशि का एकमुश्त आहरण न करके यथा आवश्यकता अनुसार ही व्यय किया जायेगा तथा व्यय का विवरण यथासमय प्रत्येक माह बी0एम0–13 पर शासन को उपलब्ध कराया जाय।

5– यह सुनिश्चित किया जाय कि शासन द्वारा उपरोक्त निर्देशों के अतिरिक्त इस संबंध में अब तक जारी शासनादेशों का अनुपालन अधीनस्थ तक भी सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

6– उक्त मद मितव्ययता की मद है इसमें व्यय सीमित रखते हुए कटौती किये जाने का प्रयास किया जाय ।

7– इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2004–05 के आय–व्ययक में अनुदान –07 के अधीन लेखाशीर्षक–3454–जनगणना, सर्वेक्षण तथा सांख्यिकी–02–सर्वेक्षण तथा सांख्यिकी–आयोजनेत्तर–001–निदेशन तथा प्रशासन–04–बीस सूत्री कार्यक्रम कियान्वयन अधिष्ठान–के अंतर्गत यथावश्यक '15–गाड़ियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल आदि की खरीद अथवा 16–व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान " के नामें डाला जायेगा तथा उक्त धनराशि लेखाशीर्षक–3454–जनगणना, सर्वेक्षण तथा सांख्यिकी–02–सर्वेक्षण तथा सांख्यिकी– आयोजनेत्तर–001–निदेशन तथा प्रशासन–04–बीस सूत्री कार्यक्रम कियान्वयन अधिष्ठान –01–वेतन की बचतों से वहन की जायेगी ।

8– यह स्वीकृति वित्त विभाग के अशासकीय संख्या–229/वि0अनु0–3/2004 दिनांक 4 फरवरी, 2005 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

(एल0 फॅनई)
अपर सचिव।

संख्या– 106 (1)/02–XXVI/2004,तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1– महालेखाकार, उत्तरांचल, ओबराय बिल्डिंग, सहारनपुर रोड, देहरादून।
2– वरिष्ठ कोषाधिकारी, देहरादून।
3– वित्त अनुभाग–3, उत्तरांचल शासन ।
4– समन्वयक,राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र,सचिवालय परिसर, देहरादून ।
5– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(टीकम सिंह पंवार)
संयुक्त सचिव।

उत्तरांचल शासन
वित्त अनुभाग–3
संख्या– (1)/वि0अनु0–03/2004
देहरादून: दिनांक: 15, फरवरी,2005

पुर्नविनियोग स्वीकृत।

के0सी0 मिश्र
अपर सचिव

सेवा में,

महालेखाकार,
उत्तरांचल,ओबेराय मोटर्स बिल्डिंग,
माजरा, देहरादून ।

संख्या– 188 /02–XXVI /2004–05, तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1––वरिष्ठ कोषाधिकारी, देहरादून।
2––वित्त अनुभाग–03, उत्तरांचल शासन ।

आज्ञा से,

(टीकम सिंह पंवार)
संयुक्त सचिव ।

MIC–1140

C:\Bhatt\Rm-15-Format-04

15020502-1211

आय–व्ययक प्रपत्र–15

पुनर्विनियोग–2004–05 विवरण पत्र

प्रशासनिक विभाग– नियोजन विभाग । नियन्त्रक अधिकारी– सचिव, नियोजन । आयोजनेत्तर (धनराशि हजार रुपये में) अनुदान संख्या–07

बजट प्राविधान तथा लेखाशीर्षक का विवरण	मानक मदवार अद्यावधिक व्यय	वित्तीय वर्षके शेष अवधिमें अनुमानित व्यय	अवशेष धनराशि (सरप्लस)	लेखाशीर्षक जिसमें धनराशि स्थानान्तरित किया जाना है	पुनर्विनियोग के बाद स्तम्भ –5 की कुल धनराशि	पुनर्विनियोग के बाद स्तम्भ –01 में अवशेष धनराशि	टिप्पणी
1	2	3	4	5	6	7	8
अनुदान संख्या–07 3454–जनगणना सर्वेक्षण तथा सांख्यिकी–02–सर्वेक्षण तथा सांख्यिकी–आयोजनेत्तर–001–निदेशन तथा प्रशासन–04–बीस सूत्री कार्यक्रम कियान्वयन अधिष्ठान– 01–वेतन 950	337	200	413	अनुदान संख्या–07 3454–जनगणना सर्वेक्षण तथा सांख्यिकी 02–सर्वेक्षण तथा सांख्यिकी–आयोजनेत्तर 001–निदेशन तथा प्रशासन 04–बीस सूत्री कार्यक्रम कियान्वयन अधिष्ठान– 15–मोटर गाड़ियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल आदि की खरीद–50 15–व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं हेतु भुगतान– 200	250 500	700	बजट व्यवस्था कम होने के कारण अतिरिक्त धनराशि की मांग ।
योग	337	200	413	250	750	700	

प्रमाणित किया जाता है कि पुनर्विनियोग के बजट मैनुअल के परिच्छेद– 150, 151, 155, 156 में उल्लिखित प्राविधानों एवं सीमाओं का उल्लंघन नहीं होता है ।

10/02/05

(एस0 कैन्ह)

अपर सचिव ।